# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद

आशियाना फेस –1, निकट पानी की टंकी, मुरादाबाद–244001
(0591) 3511043 ee11_upjn_mbd@yahoo.co.in

पत्रांक 1033 / दै० समा० पत्र / 19 दिनाक 07/05/2026

सेवा में

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय – **दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 07.05.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक "खुदी सड़कों पर ठोकें खाइए... नल से जल जब मिलेगा तब देखेंगे" के सम्बन्ध मे**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 07.05.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक "खुदी सड़कों पर ठोकें खाइए... नल से जल जब मिलेगा तब देखेंगे" दो–दो साल से खुदी पड़ी हैं गांव की सड़कें, तीन साल से नहीं बना टैंक, अच्छे फुटपाथ की सुविधा छिनी, अधूरे कामों से पानी की उम्मीद भी पूरी नहीं हुई की अनुपालन आख्या निम्नानुसार है।

| क्र0स0 | प्रकाशित खबर | अनुपालन आख्या |
|---|---|---|
| 1 | मुरादाबाद। जल जीवन मिशन अधिकांश गांवों में अब तक लोगों की प्यास बुझाने में सहायक नहीं बन सका। कहीं दो साल से सड़कें खुदी पड़ी हैं तो कहीं तीन साल के भीतर टैंक बनकर तैयार नहीं हो सका है। टूटी सड़कों पर ठोकरें खाकर लोग गिर रहे हैं। जिन गांवों के रास्ते कभी ठीक हुआ करते थे आज वह बेकार स्थिति में हैं। लेकिन कोई देखने वाला नहीं है। कोई बजट का रोना रोता है तो कहीं जल्द ही सड़कों को दुरुस्त करने का भरोसा दिलाया जा रहा है। | जल जीवन मिशन भारत सरकार की एक अत्यन्त महत्वपूर्ण योजना है, योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त घरों को ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं से क्रियाशील गृह संयोजन (एफ0एच0टी0सी0) द्वारा क्लोरीनयुक्त शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना है, इस कार्य हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के द्वारा जल जीवन मिशन (फेस–2 एवं 3) के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल आधारित पाइप पेयजल योजनाओ के निर्माण एवं 10 वर्षो तक संचालन एवं रख–रखाव हेतु मै0 एल0सी0 इन्फ्रा को अनुबन्ध सं0 68/ई0डी0/20 20–21 के अन्तर्गत एवं मै0 एन0के0जी0 प्राइमस (जे0वी0), नई दिल्ली को अनुबन्ध सं0 11/ई0डी0/फेस–3/ 2021–22 के अन्तर्गत सूचीबद्ध किया गया है। जल जीवन मिशन फेस–2 एवं फेस–3 के अन्तर्गत स्वीकृत 603 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं में प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष 589 नग नलकूप बोरिंग कार्य पूर्ण, 4154 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण, 398 नग पम्प हाउस के कार्य पूर्ण, 170 नग उच्च जलाशय के कार्य पूर्ण, 227/53 नग सोलर सिस्टम अधिष्ठापन/विद्युत संयोजन के कार्य पूर्ण एवं 341915 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं। ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सडको के सापेक्ष 80 प्रतिशत सडको को पूर्व की भांति पुर्नस्थापित एवं शेष सडको को मोटरेबल करा दिया गया है।<br>वर्तमान में 251 नग राजस्व ग्रामों में उच्च जलाशय/डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से निरन्तर शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जा रही है। शेष ग्रामों में पेयजल योजनाओं के कार्य धनाभाव के कारण अत्यन्त धीमी गति से कराये जा रहे है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्मो द्वारा योजनाओं के समस्त कार्यो को त्वरित गति से पूर्ण कराते हुये पेयजल आपूर्ति सुचारू करा दी जायेगी।<br>उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि जेजेएम फेस–3 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइसम द्वारा कराये जा रहे कार्यो की प्रगति नगण्य है, जिस हेतु इस खण्ड के पत्रांक 1565/एन0के0जी0/93 दिनांक 04.10.2024 तथा जिलाधिकारी महोदय के पत्रांक 1845/एन0के0जी0/89 दिनांक 22.08.2025 एवं पत्रांक 1846 /एन0के0जी0/90 दिनांक 22.08.2025 द्वारा फर्म को चेतावनी/नोटिस दिये गये है। जिलाधिकारी महोदय मुरादाबाद द्वारा अपने पत्रांक 1714 /एन0के0जी0/93 दिनांक 24.10.2024, पत्रांक 2009/ एन0के0जी0/198 दिनांक 16.12.2024 एवं **पत्रांक 2949/ जेजेएम/163 दिनांक 24.12.2025** द्वारा फर्म के विरूद्ध अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ से अनुरोध किया गया है। |
| 2 | अहलादपुर में नहीं हुई रास्तों की मरम्मत, बढ़ी मुसीबत कुंदरकी। जल निगम मिशन के तहत ग्राम पंचायत अहलादपुर में भी खोदी गई सड़कों को पूरी तरह दुरुस्त नहीं किया गया। रास्तों पर चलने वाले रोज चुनौतियों से जूझते हैं। गांव के मोहम्मद शानू ने बताया कि ओवरहेड टैंक से जब पानी की सप्लाई की गई तो जगह–जगह लाइन में लीकेज होने लगी। इसकी वजह से ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति नहीं मिल पा रही है।<br>ग्राम प्रधान मोहम्मद कासिम ने बताया कि ओवरहेड टैंक को हैंडओवर भी नहीं किया गया है। ठेकेदार ने खोदी गई अधिकांश सड़कों को ठीक नहीं किया है। ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। इस बावत उच्च अधिकारियों को भी अवगत करा चुके हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया। पाइप लाइन की खोदाई ग्रामीणों को दे रही दर्द सिरसवां दोराहा। ग्राम श्यामपुर हादीपुर में पाइप लाइन डालते समय की गई रास्तों की खोदाई ग्रामीणों के लिए तकलीफदेह साबित हो रही है। जल जीवन मिशन के काम के दौरान की गई खोदाई के बाद सुधार की जरूरत ही नहीं समझी जा रही। ओवरहेड टैंक, बोरिंग, नलकूप का काम पूरा हो गया लेकिन सोलर प्लांट नहीं | प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम एहलादपुर की यथास्थिति निम्नानुसार है। ग्राम अहलादपुर के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि योजना जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत चयनित नहीं है। अपितु पूर्व में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत चयनित थी, योजना के समस्त कार्य वर्ष 2022–23 में पूर्ण कराकर, ग्राम की सड़कों को पुर्नस्थापित करते हुये योजना से नियमित शुद्ध क्लोरीनयुक्त पेयजल आपूर्ति सुचारू करा दी गयी थी। वर्तमान में योजना के अनुरक्षण एवं संचालन के कार्य हेतु मुख्यालय उ0प्र0 जल निगम लखनऊ द्वारा फर्म मै0 एस0एस0एन0आर0 प्रोजेक्ट प्रा0लि0 को अनुबन्धित किया गया है। अनुबन्धित फर्म द्वारा योजना के अनुरक्षण एवं संचालन के कार्य नियमित रूप से कराये जा रहे है। वर्तमान में योजना से ग्राम में निरन्तर क्लोरीनयुक्त शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जा रही है।<br>उक्त के अतिरिक्त चित्र में प्रदर्शित Brick Bats (ईट के रोड़ो) के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उक्त योजना में फर्म द्वारा सड़क डिस्मेंटल/पुर्नस्थापना से सम्बन्धित कोई कार्य नही कराया जा रहा है। ग्राम में तालाब का पानी सड़को पर भरने के समाधान हेतु सम्बन्धित ग्राम प्रधान द्वारा Brick Bats को ग्राम की गहरी सड़को पर डाला गया है। |

| | |
|---|---|
| लेगा। जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। ग्रामीण राहुल, राजेंद्र कुमार आदि ने कहा है कि पेयजल आपूर्ति शुरू करने और रास्ते सुधारने की मांग डीएम से करेंगे। | |
| **पाइप लाइन की खोदाई ग्रामीणों को दे रही दर्द सिरसवां दोराहा। ग्राम श्यामपुर हादीपुर** में पाइप लाइन डालते समय की गई रास्तों की खोदाई ग्रामीणों के लिए तकलीफदेह साबित हो रही है। जल जीवन मिशन के काम के दौरान की गई खोदाई के बाद सुधार की जरूरत ही नहीं समझी जा रही। ओवरहेड टैंक, बोरिंग, नलकूप का काम पूरा हो गया लेकिन सोलर प्लांट नहीं लगा। जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। ग्रामीण राहुल, राजेंद्र कुमार आदि ने कहा है कि पेयजल आपूर्ति शुरू करने और रास्ते सुधारने की मांग डीएम से करेंगे। | प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम श्यामपुर हादीपुर की यथास्थिति निम्नानुसार है।<br>**श्यामपुर हादीपुर ग्रामीण पाइप पेयजल योजना** जल जीवन मिशन फेस–2 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत वितरण प्रणाली बिछाने के कार्य 70 प्रतिशत पूर्ण, पम्प हाउस व बाउण्ड्रीवॉल के कार्य 70 प्रतिशत पूर्ण तथा उच्च जलाशय के कार्य 85 प्रतिशत पूर्ण है। योजना के शेष कार्य प्रगति पर है। जिनको फर्म द्वारा शीघ्र पूर्ण कराकर पेयजल आपूर्ति सुचारू करा दी जायेगी। |
| **मानपुर मुजफ्फरपुर की राह में बिछे बदहाली के कांटे**<br>कांठ। **छजलैट ब्लॉक के गांव मानपुर मुजफ्फरपुर के ग्रामीणों को जल** जीवन मिशन के तहत पानी अब तक नहीं मिला। ऊपर से पाइप के लिए खोदाई बाद रास्तों की मरम्मत न करने से स्कूली बच्चे हों या ग्रामीण ठोकरें खाने को मजबूर हैं। गांव में स्कूल के सामने वाले मुख्य रास्ते और संकरी गलियों सहित पूरे गांव के लगभग सभी रास्तों की दुर्दशा है। ग्राम प्रधान अहमद अली ने बताया कि ढाई साल पहले गांव में जल जीवन मिशन का काम शुरू हुआ था। नलकूप और उसकी कोठरी बनाई गई, ओवरहेड टैंक बनाने के नाम पर गड्ढा खोदकर टीम चली गई। डेढ़ साल से पानी मिला नहीं और खोदे गए रास्तों की मरम्मत नहीं की गई। गांव में रहने वाले उस्मान, विनीत, नौशाद, गुफरान ने कहा कि पूरे गांव के रास्तों का बुरा हाल कर दिया। दिलशाद और रफीक ने कहा कि जल्द पानी मिलने के आसार नहीं दिखते। | प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम मानपुर मुजफ्फरपुर की यथास्थिति निम्नानुसार है।<br>**मानपुर मुजफ्फरपुर** जल जीवन मिशन फेस–3 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत वितरण प्रणाली बिछाने के कार्य 60 प्रतिशत पूर्ण है। वितरण प्रणाली बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सडको को मोटरेबल करा दिया गया है। वर्तमान में धनाभाव के कारण योजना के शेष कार्य बाधित है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेंगे। |
| **तीन वर्ष बाद भी टैंक अधूरा, नहीं हुई पानी की सप्लाई**<br>ठाकुरद्वारा। ग्राम पंचायत रूपपुर, टंडोला में जल जीवन मिशन के काम तीन वर्ष पूर्व शुरू हुए थे। अब भी ओवरहेड टैंक का काम अधूरा है। दोनों गांवों में लगभग 4000 की आबादी है। गांव के करीब 300 घरों में कनेक्शन दे दिए गए हैं। टंडोला में बना टैंक तीन वर्ष बाद भी पूरा नहीं हो सका। टैंक के निर्माण के लिए पिलर बनाए और बोरिंग किया गया। बाद में काम अधूरा छोड़कर कंपनी चली गई। टंडोला के बलबीर सिंह, राजबाला ने कहा कि एक वर्ष पहले घर में टोटी लगा दी गई लेकिन पानी नहीं आ रहा है। रूपपुर के पूर्व प्रधान डालचंद, मंगल सिंह का कहना है कि घरों में पानी न आने से ग्रामीण निराश हैं। काम कर रही कंपनी के रूपपुर, टंडोला में अधूरा टैंक। ठेकेदार अरसलान का कहना है कि पहले इस ग्राम पंचायत में दूसरी कंपनी काम कर रही थी। अब उनकी कंपनी को इसका काम मिल है, जिसे जल्द पूरा किया जाएगा। | प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम रूपपुर टंडोला की यथास्थिति निम्नानुसार है।<br>**रूपपुर ग्रामीण पाइप पेयजल योजना** जल जीवन मिशन फेस–2 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत वितरण प्रणाली बिछाने के कार्य पूर्ण तथा उच्च जलाशय के कार्य 29 प्रतिशत पूर्ण है। वितरण प्रणाली बिछाने हेतु डिस्मेटल की गयी सड़को को पुर्नस्थापित करा दिया गया है। योजना के निर्माण हेतु उपलबध भूमि जल मग्न क्षेत्र में होने के कारण योजना के शेष कार्य बाधित है। |
| **दो साल से खुदी व उखड़ी सड़क की झेल रहे मार बिलारी के सनाई गांव में उखड़ी सड़क ।**<br>बिलारी। सनाई गांव के लोग उखड़ी और खोदी सडकों की समस्या दो साल से झेल रहे हैं। जल जीवन मिशन के तहत हुई इस खोदाई को दुरुस्त करने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। मिशन के तहत केवल बोरिंग कराया गया, उसके बाद न तो नलकूप की कोठरी बनवाई और न ओवरहेड टैंक बन सका। सनाई निवासी तहसील बार एसोसिएशन बिलारी के अध्यक्ष चौधरी विनय कुमार सिंह ने बताया कि पाइप लाइन के लिए सडकें बीच से खोदी गई थीं। इनकी मरम्मत की जरूरत नहीं समझी गई। सनाई में रहने वाले मुरादाबाद बार एसोसिएशन के सदस्य चौधरी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि दो वर्ष बाद भी मरम्मत न कराना बडी लापरवाही है। वह वाद दायर करने की तैयारी में हैं। इस बाबत पूछने की कोशिश पर जल निगम के बिलारी ब्लॉक के प्रभारी दुष्यंत सिंह ने फोन रिसीव नहीं किया। बिलारी के बीडीओ नरेशपाल सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत सचिवों से अपडेट जानकारी मांगी गई है कि किस गांव में अभी उखड़ी सडकों की मरम्मत नहीं हो पाई है। | प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम सनाई की यथास्थिति निम्नानुसार है।<br>**ग्राम सनाई** जल जीवन मिशन फेस–3 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत वितरण प्रणाली बिछाने के कार्य पूर्ण है। वितरण प्रणाली बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सडक पुर्नस्थापना के कार्य 40 प्रतिशत पूर्ण है। शेष सड़को को मोटरेबल करा दिया गया है। वर्तमान में धनाभाव के कारण योजना के शेष कार्य बाधित है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेंगे। |

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार :–

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता महोदय (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. जिलाधिकारी, मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
5. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, मुरादाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।
6. समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
7. प्रोजेक्ट हेड/निदेशक, एल0सी0 इन्फ्रा0 प्रोजेक्ट प्रा0लि0, मकान नं0–10/66 सेक्टर–10 फेस–2 एम0जी0आर0 रेस्टोरेंट के पास आवास विकास, बुद्धी विहार मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
8. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मकान नं0 7बी/63 बुद्धि विहार फेस–2 सेंट मैरी स्कूल के पास, दिल्ली रोड, मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

# खुदी सड़कों पर ठोकरें खाइए... नल से जल जब मिलेगा तब देखेंगे

## दो-दो साल से खुदी पड़ी हैं गांवों की सड़कें, तीन साल से नहीं बना टैंक, अच्छे रास्तों की सुविधा छिनी, अधूरे कामों से पानी की उम्मीद भी पूरी नहीं हुई

मुरादाबाद। जल जीवन मिशन अधिकांश गांवों में अब तक लोगों की प्यास बुझाने में सहायक नहीं बन सका। कहीं दो साल से सड़कें खुदी पड़ी हैं तो कहीं तीन साल के भीतर टैंक बनकर तैयार नहीं हो सका है। टूटी सड़कों पर ठोकरें खाकर लोग गिर रहे हैं। जिन गांवों के रास्ते कभी ठीक हुआ करते थे आज वह बेकार स्थिति में हैं। लेकिन कोई देखने वाला नहीं है। कोई बजट का रोना रोता है तो कहीं जल्द ही सड़कों को दुरुस्त करने का भरोसा दिलाया जा रहा [illegible]

मुद्दा



कुंदरकी के ग्राम अहलादपुर में उखड़ी सड़क का हाल। स्रोत : ग्रामीण

### अहलादपुर में नहीं हुई रास्तों की मरम्मत, बड़ी मुसीबत

कुंदरकी। जल निगम मिशन के तहत ग्राम पंचायत अहलादपुर में भी खोदी गई सड़कों को पूरी तरह दुरुस्त नहीं किया गया। रास्तों पर चलने वाले रोज चुनौतियों से जूझते हैं। गांव के मोहम्मद शानू ने बताया कि ओवरहेड टैंक से जब पानी की सप्लाई की गई तो जगह-जगह लाइन में लीकेज होने लगी। इसकी वजह से ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति नहीं मिल पा रही है।

- ग्राम प्रधान मोहम्मद कासिम ने बताया कि ओवरहेड टैंक को हैंडओवर भी नहीं किया गया है। ठेकेदार ने खोदी गई अधिकांश सड़कों को ठीक नहीं किया है। ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। इस बाबत उच्च अधिकारियों को भी अवगत करा चुके हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया। संवाद



श्यामपुर हादीपुर में सड़क पर गड्ढे। संवाद

### पाइप लाइन की खोदाई ग्रामीणों को दे रही दर्द

सिरसखेड़ा दोराहा। ग्राम श्यामपुर हादीपुर में पाइप लाइन डालते समय की गई रास्तों की खोदाई ग्रामीणों के लिए तकलीफदेह साबित हो रही है। जल जीवन मिशन के काम के दौरान की गई खोदाई के बाद सुधार की जरूरत ही नहीं समझी जा रही। ओवरहेड टैंक, बोरिंग, नलकूप का काम पूरा हो गया लेकिन मोटर प्लांट नहीं लगा। जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। ग्रामीण राहुल, रानेंद्र कुमार आदि ने कहा है कि पेयजल आपूर्ति शुरू करने और रास्ते सुधारने की मांग डीएम से करेंगे। संवाद

### दो साल से खुदी व उखड़ी सड़क की झेल रहे हैं मार



बिलारी के सनाई गांव में उखड़ी सड़क। संवाद

बिलारी। सनाई गांव के लोग उखड़ी और खोदी सड़कों की समस्या दो साल से झेल रहे हैं। जल जीवन मिशन के तहत हुई इस खोदाई को दुरुस्त करने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। मिशन के तहत केवल बोरिंग कराया गया, उसके बाद न तो नलकूप की कोठरी बनवाई और न ओवरहेड टैंक बन सका। सनाई निवासी तहसील बार एसोसिएशन बिलारी के अध्यक्ष चौधरी विनय कुमार सिंह ने बताया कि पाइप लाइन के लिए सड़कें बीच से खोदी गई थीं। इनकी मरम्मत की जरूरत नहीं समझी गई। सनाई में रहने वाले मुरादाबाद बार एसोसिएशन के सदस्य चौधरी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि दो वर्ष बाद भी मरम्मत न कराना बड़ी लापरवाही है। वह वाद दायर करने की तैयारी में हैं। इस बाबत पूछने की कोशिश पर जल निगम के बिलारी ब्लॉक के प्रभारी दुष्यंत सिंह ने फोन रिसीव नहीं किया। बिलारी के बीडीओ नरेशपाल सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत सचिवों से अपडेट जानकारी [illegible]

### मानपुर मुजफ्फरपुर की राह में बिछे बदहाली के कांटे

कांठ। छजलैट ब्लॉक के गांव मानपुर मुजफ्फरपुर के ग्रामीणों को जल जीवन मिशन के तहत पानी अब तक नहीं मिला। ऊपर से पाइप के लिए खोदाई बाद रास्तों की मरम्मत न करने से स्कूली बच्चे हों या ग्रामीण ठोकरें खाने को मजबूर हैं। गांव में स्कूल के सामने वाले मुख्य रास्ते और संकरी गलियों सहित पूरे गांव के लगभग सभी रास्तों की दुर्दशा है। ग्राम प्रधान अहमद अली ने बताया कि ढाई साल पहले गांव में जल जीवन मिशन का काम शुरू हुआ था। नलकूप और उसकी कोठरी बनाई गई, ओवरहेड टैंक बनाने के नाम पर गड्ढा खोदकर टीम चली गई। ढाई साल से पानी मिला नहीं और खोदे गए रास्तों की मरम्मत नहीं की गई। गांव में [illegible]



मानपुर मुजफ्फरपुर में बदहाल रास्ता। संवाद

### तीन वर्ष बाद भी टैंक अधूरा, नहीं हुई पानी की सप्लाई

ठाकुरद्वारा। ग्राम पंचायत रूपपुर, टंडोला में जल जीवन मिशन के काम तीन वर्ष पूर्व शुरू हुए थे। अब भी ओवरहेड टैंक का काम अधूरा है। दोनों गांवों में लगभग 4000 की आबादी है। गांव के करीब 300 घरों में कनेक्शन दे दिए गए हैं। टंडोला में बना टैंक तीन वर्ष बाद भी पूरा नहीं हो सका। टैंक के निर्माण के लिए पिलर बनाए और बोरिंग किया गया। बाद में काम अधूरा छोड़कर कंपनी चली गई। टंडोला के बलबीर सिंह, राजबाला ने कहा कि एक वर्ष पहले घर में टोंटी लगा दी गई लेकिन पानी नहीं आ रहा है। रूपपुर के पूर्व प्रधान डालचंद, मंगल सिंह का कहना है कि घरों में पानी न आने से ग्रामीण निराश हैं। काम कर रही कंपनी के [illegible]



रूपपुर, टंडोला में अधूरा टैंक। संवाद